<u>लोक सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 2434

31 जुलाई, 2017 को उत्तर के लिए

आईआईएससीओ कर्मचारी

2434. एडवोकेट शरदकुमार मारुति बनसोडेः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आईआईएससीओ इस्पात संयंत्र में कार्यरत अनुबंध कामगारों की संख्या कितनी है और इनकी वेतन भुगतान की विधि क्या है;

(ख) इन्हें प्रदान की जाने वाली सामाजिक सुरक्षाओं जैसे पीएफ, चिकित्सा सुविधा, अवकाश इत्यादि का ब्यौरा क्या है; और

(ग) इन्हें प्रदान की जा रही अन्य कल्याण सुविधाओं का ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

<u>इस्पात राज्य मंत्री</u> **<u>श्री विष्णु देव साय</u>**

(क): इस्को इस्पात संयंत्र (आईएसपी), बर्नपुर में संविदागत श्रमिकों की संख्या 5,950 है। आईएसपी में ठेकेदारों द्वारा लगाए गए संविदागत श्रमिकों को ठेकेदारों द्वारा उनके संबंधित बैंक खातों से वेतन का भुगतान किया जाता है।

(ख) और (ग): आईएसपी में काम में लगे हुए संविदागत श्रमिकों को पीएफ, चिकित्सा सुविधाएं, छुट्टी आदि जैसे सामाजिक सुरक्षा लाभ कर्मचारी भविष्य निधि एवं विविध प्रावधान अधिनियम, 1952, इंप्लॉयीज स्टेट इंश्योरेंस एक्ट, 1948, कॉंट्रेक्ट लेबर (रेग्यूलेशन एंड एबोलिशन) एक्ट, 1970, आदि, के तहत उनके संबंधित ठेकेदारों द्वारा उपलब्ध कराए जाते हैं। मुख्य नियोक्ता के रूप में सेल यह सुनिश्चित करता है कि संविदागत श्रमिकों की सुख-सुविधाओं और सेवा-शर्तों से संबंधित लागू सांविधिक प्रावधानों का संबंधित ठेकेदारों द्वारा पालन किया जाता है।

****